**मुख्य समाचार :–**

- प्रदेश में प्लास्टिक मुक्त उत्तराखण्ड, स्वच्छता और फिट इंडिया मूवमेंट के लिए बेहतर कार्ययोजना के साथ अभियान चलाए जाएंगे।
- राज्य में यूसीसी के दायित्वों का निर्वहन करने के लिए डॉ. वी. षणमुगम को महानिबंधक नियुक्त किया गया।
- सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा – भारत जल्द ही ए.आई का अपना आधारभूत मॉडल तैयार करेगा।
- 38वें राष्ट्रीय खेलों में वुशु में उत्तराखंड ने पहला स्वर्ण पदक जीता।

**प्लास्टिक मुक्त अभियान**

प्रदेश में प्लास्टिक मुक्त उत्तराखण्ड, स्वच्छता और फिट इंडिया मूवमेंट के लिए बेहतर कार्ययोजना के साथ अभियान चलाए जाएंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज नई दिल्ली स्थित उत्तराखण्ड सदन से वर्चुअल बैठक के दौरान अधिकारियों को ये निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसमें जन जागरूकता के साथ ही जनसहभागिता की दिशा में विशेष प्रयास किये जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्लास्टिक मुक्त उत्तराखण्ड अभियान को और अधिक व्यापक स्तर पर चलाया जाए। उन्होंने इस अभियान को सफल बनाने में स्कूलों, कॉलेजों, गैर सरकारी संस्थानों और व्यापारिक संगठनों को भी जोड़न पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने केदारनाथ धाम की तरह राज्य के अन्य धार्मिक स्थलों और पर्यटक स्थलों पर प्लास्टिक बोतल पर क्यूआर कोड की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। इससे प्लास्टिक कचरा प्रबंधन में काफी मदद मिलेगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने कूड़े का डोर टू डोर कलैक्शन शत–प्रतिशत करने, गीला और सूखा कूड़ा अलग–अलग रखने के लिए लोगों को और जागरूक करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित किया जाए कि राज्य से गंगा नदी में स्वच्छ जल जाए। मुख्यमंत्री ने राज्य में फिट इंडिया मूवमेंट को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए शैक्षणिक संस्थानों में प्रतिदिन योग और व्यायाम की गतिविधियां करवाने को कहा। श्री धामी ने मिलावटखोरी पर रोक लगाने के लिए प्रदेशभर में सघन अभियान चलाने और मिलावटखोरों पर सख्त कारवाई करने के भी निर्देश दिए।

**यूसीसी महानिबंधक**

प्रदेश में समान नागरिक संहिता– यूसीसी के दायित्वों का निर्वहन करने के लिए वित्त सचिव डॉ. वी षणमुगम को महानिबंधक नियुक्त किया गया है। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव आनंद बर्धन की ओर से आदेश जारी किए गए हैं। गौरतलब है कि प्रदेश में गत 27 जनवरी को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यूसीसी नियमावली और पोर्टल को लॉन्च किया था। इसके बाद से ही प्रदेश में यूसीसी लागू हो गया है।

**मुख्य सचिव**

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सभी जिलों के मुख्य विकास अधिकारियों को प्रत्येक जिले के एक–एक स्थानीय उत्पाद को हाउस ऑफ़ हिमालयाज़ ब्राण्ड के तहत मार्केटिंग औरं ब्राडिंग के लिए संस्तुति कर भेजने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सहकारिता विभाग को भी इस ब्राण्ड के लिए वाइब्रेंट विलेज, स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय उत्पादकों से उत्पादों की खरीद के संबंध में कार्ययोजना पर काम करने को कहा है। मुख्य सचिव ने आज हाउस ऑफ़ हिमालयाज़ के निदेशक मण्डल की बैठक की अध्यक्षता के दौरान संबंधित अधिकारियों को ब्राण्ड के तहत राज्य में बनने वाले पिरूल के उत्पादों की मार्केटिंग और ब्राडिंग को

प्रोत्साहित करने के भी निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने राज्य की जनजातियां क्षेत्रों में जनजातियों द्वारा बनाए जाने वाले विभिन्न उत्पादों को भी हाउस ऑफ़ हिमालयाज. के तहत प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में जानकारी दी गई कि हाउस ऑफ़ हिमालयाज़ से अभी तक तीन हजार महिलाएं जुड़ी हैं, जिनके उत्पादों की सीधी खरीद इस अम्ब्रेला ब्रांड द्वारा की जाती है।

**राष्ट्रपिता पुण्यतिथि**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आज 77वीं पुण्यतिथि है। यह दिन शहीद दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली स्थित उत्तराखण्ड सदन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं, श्री धामी ने शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सचिवालय में भी मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की उपस्थिति में भी सभी अधिकारियों ने दो मिनट का मौन रख कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में बलिदान देने वाले शहीदों को स्मरण करते हुए पूर्वाह्न 11 बजे प्रदेश के सभी जिलों में भी दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को नमन किया गया।

**एआई मॉडल**

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत आने वाले महीनों में एआई का अपना आधारभूत मॉडल तैयार करेगा। श्री वैष्णव ने नई दिल्ली में आज मीडिया को बताया कि भारत का एआई का आधारभूत, विश्व के श्रेष्ठ मॉडल की बराबरी वाला होगा। यह मॉडल इंडिया एआई कंप्यूटर फैसिलिटी द्वारा संचालित होगा। श्री वैष्णव ने कहा कि भारत का अपना एआई मॉडल विकसित करने संबंधी प्रस्तावों की एक रूपरेखा तैयार की गई है। उन्होंने एक एआई सुरक्षा संस्थान स्थापित किए जाने की भी घोषणा की। उन्होंने इंडिया एआई मिशन की प्रगति का उल्लेख किया जो पहले ही अपने प्रारंभिक ग्राफिक प्रोसेसिंग यूनिट–जीपीयू लक्ष्यों से कहीं आगे निकल चुकी है। श्री वैष्णव ने कहा कि 18 हजार छह सौ 93 जीपीयू के साथ एक सामान्य गणना सुविधा का भी शुभारंभ किया गया है। आने वाले दिनों में यह सुविधा स्टार्टप्स, अनुसंधानकर्ताओं और डेवलपर्स के लिए उपलब्ध होगी।

**राष्ट्रीय खेल**

प्रदेश में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों में एथलीटों का जबरदस्त प्रदर्शन जारी है। आज पुरूष वर्ग में वुशु प्रतियोगिता में उत्तराखंड ने पहला स्वर्ण पदक जीता। वहीं, शूटिंग में तमिलनाडु की नर्मदा नितिन राजू ने 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण जीता, जबकि हरियाणा के अनीश ने 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में पहला स्थान हासिल किया। साइकलिंग में कर्नाटक के नवीन थोमस जॉन और महाराष्ट्र की पूजा बबन दानोले ने स्वर्ण पदक जीते। पूजा ने 30 किलोमीटर साइकलिंग इवेंट में भी पहला स्थान बरकरार रखा। भारोत्तोलन में छत्तीसगढ़ के विजय कुमार ने 143 किलोग्राम वजन उठाकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी कर स्वर्ण जीता। तैराकी में दिल्ली के कुशाग्र रावत ने 1500 मीटर फ्रीस्टाइल में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। वहीं, बीच हैंडबॉल में उत्तराखंड ने राजस्थान को हराकर फाइनल में प्रवेश किया, जहां कल मुकाबला सर्विसेज से होगा।

**योगासन अल्मोड़ा**

38वें राष्ट्रीय खेलों की योग प्रतियोगिताओं में देश के 22 राज्यों के 169 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। कल से 4 फरवरी तक अल्मोड़ा के हेमवती नंदन बहुगुणा खेल स्टेडियम में योगासन प्रतियोगिता आयोजित होंगी। राज्य की खेल और युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगी। योगासन प्रतियोगिता के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पुलिस बल के साथ ही वालंटियर्स भी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहेंगे।

**राज्यपाल**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज देहरादून के बीरपुर में 14 इन्फैंट्री डिवीजन की ओर से संचालित 'गोल्डन–की आशा स्कूल' का भ्रमण किया। बीरपुर छावनी में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए संचालित इस स्कूल में 50 बच्चे पढ़ रहे हैं। राज्यपाल ने भ्रमण के दौरान प्रत्येक कक्षा में जाकर बच्चों से बातचीत की और उनकी गतिविधियों व शिक्षण पद्धतियों की जानकारी ली। प्रधानाचार्या सामरा मिर्जा ने स्कूल द्वारा संचालित विभिन्न पहलों और कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराया, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए चलाए जा रहे हैं। राज्यपाल ने विद्यालय के उत्कृष्ट प्रबंधन की सराहना की। उन्होंने कहा कि समाज के अन्य लोगों को भी इस प्रकार के कार्यों में सहभागिता करने की आवश्यकता है। राज्यपाल ने बच्चों को मिठाइयाँ और उपहार भी दिए। साथ ही स्कूल के लिए एक लाख 25 हजार रुपये वित्तीय सहायता का चेक भी दिया। इसके बाद राज्यपाल ने 14 इन्फैंट्री डिवीजन के जवानों और अधिकारियों से मुलाकात की और उनसे संवाद किया। उन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा और सेवा में उनके अनुकरणीय समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय सेना का 'राष्ट्र सर्वोपरि' का संकल्प अद्वितीय है। सैनिकों के साहस, निष्ठा और बलिदान पर पूरे देश को गर्व है।

**गिरफ्तार**

नैनीताल जिले के हल्द्वानी में ठगी करने वाले एक गिरोह के छह सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों के पास से पुलिस को फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड, मोबाइल सिम कार्ड और बैंक खाता खोलने के फॉर्म जैसे कई अहम दस्तावेज मिले। मामले के मुख्य आरोपी की तलाश की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस टीम को दो हजार रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की है।